# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं. : 0612-2231562, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in

पटना/ दिनांक 15/02/2017

## अधिसूचना

संख्या-नि० प्रा०/नि० 1-08/2012 ......105........ बिहार सहकारी सोसाईटी (संशोधन) अधिनियम, 2011 के धारा-14 (क) (1) के प्रावधानों के आलोक में सहकारिता विभाग की अधिसूचना संख्या-1273 दिनांक 01.03.2012 द्वारा बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 के अधीन निबंधित सहकारी समितियों के प्रबंध समिति के निर्वाचन संचालन का दायित्व बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार को सौंपा गया है।

2) उक्त परिप्रेक्ष्य में बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम 2008 की धारा 5 (2) एवं बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार नियमावली 2008 के नियम 6 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रखण्ड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के निर्वाचन के लिए उप विकास आयुक्त को नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया जाता है।

3) उप विकास आयुक्त -सह- नोडल पदाधिकारी जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (सहयोग समितियाँ) के निर्देशन एवं नियंत्रण में कार्य करेंगे तथा बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम, 2008 की धारा 4 के अन्तर्गत बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के पर्यवेक्षण, निदेशन एवं नियंत्रण में निर्वाचन का कार्य करेंगे।

**( फूल सिंह )**

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 105 पटना/ दिनांक

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 100 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 105 पटना/ दिनांक 15/02/2017

प्रतिलिपि: सभी प्रमंडलीय आयुक्त/ सभी जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (सहयोग समितियाँ)/ सभी उप विकास आयुक्त -सह- नोडल पदाधिकारी/ सभी आरक्षी अधीक्षक/ सभी अनुमंडल पदाधिकारी/ सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी/ सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (सहयोग समितियाँ)/ सभी अंचलाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी (सहयोग समितियाँ) से अनुरोध है कि इस अधिसूचना की पर्याप्त प्रतियां अपने स्तर पर तैयार कर संबंधित पदाधिकारियों को निश्चित रूप से उपलब्ध करा देंगे।

3. जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (सहयोग समितियाँ) से यह भी अनुरोध है कि संबंधित नोडल पदाधिकारियों के नाम, पदनाम, उनके दूरभाष एवं मोबाईल नं0 की सूचना अविलम्ब प्राधिकार को उपलब्ध करायेंगे।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 105 पटना/ दिनांक 15/02/2017

प्रतिलिपि: मुख्य सचिव, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव/ प्रधान सचिव, गृह (विशेष) विभाग, बिहार, पटना/ प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ प्रधान सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15.2.17

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**